Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में मंगलवार
सायं 5:39 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में बुधवार
सुबह 7:14 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 18 अंक 179 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | मंगलवार, 6 जनवरी 2026

निक्कर-बनियान में किया...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### राजस्थान से आई 32 स्लीपर सीट वाली बस में मिली छात्रों समेत 120 सवारियां

ऋषिकेश। राजस्थान के धौलपुर जिले के एक स्कूल के छात्र शैक्षिक भ्रमण पर करीब 842 किलोमीटर दूर ऋषिकेश पहुंचे थे। इस दौरान 32 स्लीपर सीट वाली बस में 100 से अधिक छात्रों को बैठाया गया था। मामले को गंभीरता से लेते हुए एआरटीओ ने चालान काटकर बस को सीज किया है। परिवहन विभाग की ओर से सोमवार शाम करीब छह बजे गंगोत्री राजमार्ग स्थित भद्रकाली मंदिर के पास वाहनों की चेकिंग की जा रही थी। इस दौरान आगरा के नंबर पर रजिस्टर्ड स्लीपर बस भद्रकाली तिराहा पार कर ब्रह्मानंद मोड़ की ओर जाने लगी। बस के आगे स्कूल का शैक्षिक भ्रमण का फ्लेक्स लटका था। जब परिवहन विभाग के अधिकारियों ने बस को रोककर अंदर चेकिंग की तो दृश्य देखकर हक्के-बक्के रह गए। 32 स्लीपर सीट वाली बस में राजस्थान के धौलपुर जिले के मां भगवती विद्यापीठ उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तसीमो के 100 से अधिक छात्रों को बैठाया गया था। बस में कुल 120 सवारी बैठी थीं। एआरटीओ (प्रवर्तन) रश्मि पंत ने बताया कि बस चलाने के दौरान चालक-परिचालक ने वर्दी भी नहीं पहनी थी। चालक इस बस को तपोवन से आगे की ओर ले जाने की बात कह रहा था।

### यूएस नगर में शीतलहर के चलते 6 से 10 तक बंद रहेंगे आंगनबाड़ी केंद्र

रुद्रपुर। जिले में ठंड और शीतलहर का प्रकोप जारी है। इस बीच जिला कार्यक्रम अधिकारी व्योमा जैन ने 6 जनवरी से 10 जनवरी तक आंगनबाड़ी केंद्रों पर अवकाश घोषित कर दिया है। उन्होंने बताया कि मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार पांच दिन घना कोहरा और शीतलहर की संभावना है। इसके मद्देनजर छह से 10 जनवरी तक अवकाश रहेगा। कार्यकत्रियां और सहायिकाएं विभागीय कार्य करती रहेंगी।

## पहाड़ों में बारिश-बर्फबारी के आसार, मैदान में छाएगा कोहरा

देहरादून
हमारे संवाददाता

उत्तराखंड के पर्वतीय इलाकों में मंगलवार को हल्की बारिश-बर्फबारी होने की संभावना है। जबकि मैदानी इलाकों में कोहरा छाए रहने से शीत दिवस जैसी स्थिति बन सकती है।

मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार उत्तरकाशी, चमोली और पिथौरागढ़ जिले के कुछ हिस्सों में छह जनवरी को हल्की बारिश व बर्फबारी होने की संभावना है। जबकि 2800 मीटर से अधिक ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी की संभावना अधिक है। उधर, देहरादून समेत हरिद्वार, ऊधमसिंह नगर, नैनीताल, चंपावत और पौड़ी जिले के कुछ हिस्सों में घना कोहरा छाने व पाला गिरने का येलो अलर्ट जारी किया गया है। इसके चलते शीत दिवस जैसी स्थिति बन सकती है।

वहीं, सोमवार के मौसम की बात करें तो भले मैदानी इलाकों में दिन के समय कोहरे से राहत मिली लेकिन शीत लहरों से ठंड ने परेशान किया। आंकड़ों पर नजर डालें तो दून का अधिकतम तापमान सामान्य से एक डिग्री इजाफे के साथ 20.8 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। हालांकि, पर्वतीय इलाकों में शीतलहर चलने से तापमान में गिरावट देखने को मिली। आने वाले दिनों की बात करें तो 11 जनवरी तक प्रदेशभर में मौसम शुष्क रहेगा।



### शीतलहर की चपेट में हिमाचल

हिमाचल प्रदेश शीतलहर की चपेट में है। जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति के ताबो में इस सीजन में पहली बार न्यूनतम तापमान माइनस 10.8 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया है। बीते दिन यहां 10.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। इसके अतिरिक्त चार अन्य स्थानों का न्यूनतम पारा भी माइनस में चल रहा है। शिमला सहित राज्य के 22 स्थानों पर न्यूनतम तापमान 5 डिग्री सेल्सियस से कम दर्ज किया गया है। इससे ठिठुरन लगातार बढ़ रही है। पहाड़ों के साथ-साथ मैदानी और मध्यम ऊंचाई वाले क्षेत्रों में भी रातें बेहद सर्द हो गई हैं। आज राजधानी शिमला सहित अन्य भागों में धूप खिली हुई है।

कराकस में राष्ट्रपति भवन के पास गोलीबारी

## वेनेजुएला के बाद ट्रंप का नया एलान, निशाना 3 और देशों पर

नई दिल्ली
एजेंसी

वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी को हिरासत में लेने के बाद, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का निशाना 3 और देशों पर है। ट्रंप अगला हमला दूसरे लैटिन अमेरिकी देश मेक्सिको, क्यूबा और कोलंबिया पर करना चाहते हैं।

राष्ट्रपति भवन के पास फायरिंग की रिपोर्ट उपराष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज के सोमवार को देश की अंतरिम राष्ट्रपति के रूप में शपथ लेने के कुछ ही घंटों बाद आई। राजधानी काराकस स्थित राष्ट्रपति भवन के पास सोमवार रात भारी गोलीबारी के साथ विस्फोटों की भयानक आवाजें सुनी गईं। इसी के साथ सुरक्षा बलों ने मिराफ्लोरेस पैलेस(राष्ट्रपति भवन) के ऊपर कुछ अज्ञात ड्रोनों को उड़ते हुए देखा गया।

अमेरिकी सेना की तरफ से वेनेजुएला पर हमला और राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को बंधक बनाए जाने की घटना ने पूरी दुनिया को चौंका दिया है। ट्रंप प्रशासन की ओर से एक देश की स्वायत्तता का उल्लंघन कर उसके सर्वोच्च नेता को पकड़ने के घटनाक्रम की दक्षिण अमेरिकी देशों ने आलोचना की है। कुछ यूरोपीय देशों ने भी इस पर चिंता जाहिर की है। इस बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप वेनेजुएला में अमेरिकी सेना और सीआईए के सफल अभियान के बाद लगातार दूसरे देशों पर समान कार्रवाई करने की बात कहते रहे हैं। उन्होंने अब तक क्यूबा, कोलंबिया से लेकर ईरान तक को धमकियां दे दी हैं, जबकि आर्कटिक सागर में स्थित ग्रीनलैंड को लेकर भी बयानों के जरिए कब्जा करने की मंशा दर्शायी है।



### तुर्किए में अमेरिका के खिलाफ नारेबाजी

वेनेजुएला में अमेरिका की ओर से की गई सैन्य कार्रवाई का विरोध कई देशों में किया जा रहा है, जिसमें तुर्किए भी शामिल है। इस कड़ी में अंकारा और इस्तांबुल में विरोध प्रदर्शन तेज हो गए हैं। लोग सड़कों पर उतरकर अमेरिकी विरोधी नारेबाजी कर रहे हैं। अमेरिकी साम्राज्यवाद मुर्दाबाद के नारे लगाए जा रहे हैं।

## नैनीताल निवासी के अधिवक्ता सिद्धार्थ साह उत्तराखंड हाईकोर्ट के न्यायधीश नियुक्त

नई दिल्ली/नैनीताल
हमारे संवाददाता

नैनीताल निवासी अधिवक्ता सिद्धार्थ साह उत्तराखंड हाईकोर्ट के न्यायधीश नियुक्त किये गए हैं, उन्हें हाईकोर्ट का जज नियुक्त किये जाने की अधिसूचना राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद जारी कर दी गई है ।

भारत सरकार के कानून और न्याय मंत्रालय ने सोमवार को सिद्धार्थ साह को उत्तराखंड उच्च न्यायालय के अतिरिक्त न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया है। राष्ट्रपति की ओर से जारी इस अधिसूचना के अनुसार यह नियुक्ति भारतीय संविधान के अनुच्छेद 224 के खंड (1) के तहत प्रदान की गई शक्तियों का उपयोग करते हुए की गई है।

बता दें सिद्धार्थ साह वर्तमान में एक अधिवक्ता के रूप में उत्तराखंड हाईकोर्ट में अपनी सेवाएँ दे रहे थे। उनकी इस नियुक्ति की सूचना उत्तराखंड के राज्यपाल तथा मुख्यमंत्री और उच्च न्यायालय के मुखय न्यायाधीश के सचिवालयों को आधिकारिक तौर पर भेज दी गई है।भारत सरकार के संयुक्त सचिव जगन्नाथ श्रीनिवासन द्वारा हस्ताक्षरित यह आदेश 5 जनवरी 2026 को नई दिल्ली के जैसलमेर हाउस से जारी किया गया।



बता दें कि 4 सितंबर 1971 को जन्मे सिद्धार्थ साह की हाईस्कूल तक की पढ़ाई सेंट जोजफ कॉलेज व इंटर की पढ़ाई बिड़ला विद्या मंदिर से हुई है जबकि स्नातक की पढ़ाई उन्होंने किरौड़ीमल कॉलेज दिल्ली से किया और लॉ की डिग्री अल्मोड़ा से हासिल की । उनके पिता एम .एल. साह भी अधिवक्ता हैं तल्लीताल निवासी सिद्धार्थ साह के छोटे चाचा राजीव लोचन साह उत्तराखंड के वरिष्ठ पत्रकार हैं। उनकी बहन साई किरण साह भी अधिवक्ता हैं जबकि बड़े भाई दीपांजन साह एक कंपनी में बंगलूर में सेवारत हैं । उनकी पत्नी दीप्ति गृहणी हैं जबकि दो पुत्रियां हैं। उनके हाईकोर्ट का जज बनने पर नैनीताल में खुशी का माहौल है।

## बिल्डिंग में लगी भीषण आग, एक ही परिवार के तीन लोगों की जलकर हुई मौत

नई दिल्ली
एजेंसी

आदर्श नगर स्थित दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (डीएमआरसी) क्वार्टर में सोमवार देर रात लगी आग में एक परिवार के तीन सदस्यों की जलकर मौत हो गई। मृतकों की पहचान 42 साल के अजय विमल, उनकी पत्नी नीलम और 10 साल की बेटी जाह्नवी के रूप में हुई है।

दमकल कर्मियों के मुताबिक मंगलवार देर रात 2.39 बजे पांचवीं मंजिल पर स्थित फ्लैट में आग लगने की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने का कार्य शुरू किया गया। आग पर काबू पाने के बाद दमकल कर्मियों ने तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान कमरे से तीन जले हुए शव मिले। आग घरेलू सामान में लगी थी। आग बुझाने के दौरान एक दमकल कर्मी राकेश भी घायल हो गए। जिन्हें प्राथमिक इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई है। पुलिस शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर आग लगने के कारणों की जांच में जुट गई है।



## नैनीताल में ऐपण प्रदर्शनी का विधायक सरिता ने किया शुभारंभ

नैनीताल
हमारे संवाददाता

मिट्टी से रंग तक संस्था का शुभारंभ सोमवार को नैनीताल के जहांगीराबाद मल्लीताल में किया गया साथ ही ऐपण पर प्रदर्शनी भी लगाई गई।

मुखय अतिथि विधायक सरिता आर्या ने रिबन काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और संस्था की सराहना करते हुए शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में एडीएम विवेक रॉय और उत्तराखंड बार एसोसिएशन के अध्यक्ष दिनेश चंद्र सिंह रावत भी मौजूद रहे। संस्था की अध्यक्ष एडवोकेट डॉ पूनम ने बताया कि संस्था का मुखय उद्देश्य भारतीय कला और संस्कृति का संरक्षण व संवर्धन तथा नए कलाकारों को मंच प्रदान करने के साथ ही प्राचीन और पारंपरिक कला को बढ़ावा देने के साथ ही बच्चों व युवाओं के लिए निःशुल्क कला शिविर तथा कला के माध्यम से सामाजिक जागरूकता बढ़ाना, ग्रामीण कला को आधुनिक मंच से जोडना, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं कला प्रदर्शनियों का आयोजन करना है। संस्था की ओर से ऐपण से विभिन्न प्रकार के उत्पाद बनाए जाते हैं। इस दौरान उपाध्यक्ष सुमित कुमार, सचिव विनीता बेनवाल, उपसचिव सुषमा, शिवांगी गंगवार, संतोष कुमार, संदीप कोठारी, निखिल बिष्ट तथा हाई कोर्ट बार एसोसिएशन के महासचिव सौरभ अधिकारी तथा वीरेंद्र अधिकारी, दीपा व सोनिका आदि मौजूद रहे।



# गदरपुर पुलिस का चोर गिरोह का खुलासा,2 शातिर चोर गिरफ्तार

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

जनपद में अपराध नियंत्रण को लेकर पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है। इसी कार्रवाई के तहत गदरपुर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने चोरी की घटना का खुलासा करते हुए 2 शातिर चोरों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने दोनों के कब्जे से चोरी गए 4 अदद लैपटॉप एवं एक चोरी की बाईक बरामद की है। पुलिस के मुताबिक 4 जनवरी 26 को पीड़ित अंकुर चावला पुत्र स्व तिलकराज चावला, निवासी ग्राम बराखेड़ा, कोतवाली गदरपुर में तहरीर दी। तहरीर में कहा कि दिनेशपुर-मटकोटा रोड पर स्थित ओवरसीज नामक कार्यालय से अज्ञात चोरों ने लैपटॉप आदि सामान चोरी कर लिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला पंजीकृत कर जांच एसआई मुकेश मिश्रा के सुपुर्द की गई। खुलासा के लिए पुलिस टीम ने



कार्रवाई शुरू की। ग्राम सूरजपुर होते हुए चीनी मिल, दिनेशपुर अंडरपास से खेत के किनारे दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। अभियुक्तों के कब्जे से चोरी के 4 लैपटॉप एवं बिना नंबर प्लेट की बाईक बरामद की। पुलिस ने दोनों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए कोर्ट में पेश किया। पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार अभियुक्त पूर्व में भी चोरी के अभियोगों में जेल जा चुके हैं, जिनका आपराधिक इतिहास खंगाला जा रहा है।

**गिरफ्तार अभियुक्त:** राजू विश्वास पुत्र रंजीत विश्वासनिवासी वार्ड 6, दिनेशपुर, थाना दिनेशपुर। इन्द्रजीत मंडल पुत्र स्व नारायण मंडल निवासी दुर्गा माता वाली गली, वार्ड 4, दिनेशपुर। पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक गदरपुर संजय पाठक, चौकी प्रभारी महतोष मुकेश मिश्रा,कुन्दन सिंह,उमेश जोशी,जीवन फुलेरा आदि शामिल रहे।

## जिला विकास प्राधिकरण कार्यालय के बाहर लोगों का हंगामा, अवैध वसूली का आरोप

रुद्रपुर। मंगलवार को जिला विकास प्राधिकरण पर एक बार फिर अवैध वसूली का आरोप लगा है। इसके विरोध में दर्जनों लोग प्राधिकरण कार्यालय के बाहर पहुंचे और उन्होंने प्रदर्शन कर हंगामा किया। यह लोग किच्छा विधायक तिलक राज बेहड़ और कांग्रेसी नेता हरीश पनेरू के नेतृत्व में पहुंचे। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि प्राधिकरण नक्शा पास करने के नाम पर अवैध वसूली कर रहा है। पहाड़ का आदमी बाघ और गुलदार के खौफ से जमीन बेचकर तराई में आ रहा है। यहां पर वह लोग थोड़ी सी जमीन लेकर मकान बनाता है तो उनसे नक्शा पास कराने के नाम पर प्राधिकरण रुपए वसूल रहा है। आरोप है कि पहाड़ का आदमी मैदान में आकर अधिकारियों की तानाशाही से परेशान है। राज्य आंदोलनकारी हरीश पनेरू ने कहा कि उनके पास नौ लाख रुपए मांगने के साक्ष्य है। अधिकारी ईमानदार हैं तो मुकदमा दर्ज करें। मौके पर एसडीएम किच्छा गौरव पांडे पहुंचे।

## NEWS / फटाफट

### अंकिता भंडारी हत्यांकाड को लेकर कैंडिल मार्च आज: अनुपम

नैनीताल । देवभूमि उत्तराखंड की दिवंगत बेटी अंकिता भंडारी को पूर्ण न्याय दिलवाने व इस प्रकरण की निष्पक्ष जांच उच्चतम न्यायालय की निगरानी में करवाने की मांग को लेकर नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य के नेतृत्व में मंगलवार (आज) को सांय 5.15 बजे नैनीताल के मल्लीताल स्थित पंत पार्क से तल्लीताल गांधी चौक तक कैंडल मार्च निकाला जाएगा। यह जानकारी नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अनुपम कब्डवाल ने दी। कबड़वाल ने सभी पार्टी कार्यकर्ताओं समेत अन्य लोगों से इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक भागीदारी का आह्वान किया है।

### उत्तराखंड बार काउंसिल चुनाव:21 वकीलों ने किए पर्चे दाखिल

नैनीताल । उत्तराखंड बार काउंसिल के 25 सदस्यों के चुनाव हेतु नामांकन प्रक्रिया जारी है । सोमवार को बार काउंसिल के सदस्य पद के लिये 16 अधिवक्ताओं ने नामांकन किये। इस प्रकार अब तक कुल 21 अधिवक्ता नामांकन दाखिल कर चुके हैं। चुनाव अधिकारी इलाहाबाद हाईकोर्ट के सेवानिवृत न्यायधीश राम अवतार सिंह की मौजूदगी में जिन अधिवक्ताओं ने नामांकन किये उनमें नलिन शेखर सौन, कुलदीप कुमार,रविन्द्र कुमार, प्रीतम सिंह असवाल, सुखपाल सिंह, दिवाकर पांडे, चंद्रशेखर तिवारी, आलोक घिल्डियाल, हरि सिंह नेगी, मधु ठाकुर, मन मोहन लांबा, अभिषेक बहुगुणा, प्रवीर, हेमलता पांडे, मो. विलावर खान तथा रजिया बेग ने नामांकन किये जबकि 3 व 4 जनवरी को 5 अधिवक्ता नामांकन करा चुके हैं,नामांकन प्रक्रिया 9 जनवरी तक जारी रहेगी ।

### क्रिकेट प्रतियोगिता: खुर्पाताल ने जीता उद्घाटन मुकाबला



नैनीताल । ग्रामीण क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ सोमवार को मुखय अतिथि मंडल मंत्री भाजपा ग्रामीण नैनीताल विजय बिष्ट तथा सामाजिक कार्यकर्ता तारा सिंह कनवाल व त्रिलोक सिंह राठौर ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर आयोजककर्ता विक्रम सिंह कनवाल, मनीष कनवाल, अनुराग और समस्त ग्रामीण जन व युवा शक्ति मौजूद रही। सोमवार को प्रतियोगिता का पहला मुकाबला बजून और खुर्पाताल के मध्य खेला गया जिसमें रोमांचक मुकाबले में एक विकेट से खुर्पाताल ने मुकाबला जीत लिया। निर्णायक जीतू और अंकित थे।

### नैनीताल की बिडला रोड कल से रहेगी बंद

नैनीताल । प्रांतीय खंड लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता तुलाराम टमटा ने बताया कि 7 जनवरी से 25 जनवरी तक वेलकम होटल तल्लीताल से भोटिया बैण्ड तक प्रथम चरण में मार्ग के लगभग 700 मीटर में कंक्रीट करके मार्ग के सुदृढ़ीकरण व सतह सुधारीकरण का कार्य किया जाएगा और यह भाग उक्त अवधि में पूर्ण रुप से बंद रहेगा, इसमें किसी भी प्रकार के वाहनों का आगमन पूर्ण रुप से बंद रहेगा। टम्टा ने सभी सभासदों से भी अनुरोध किया है कि इसकी सूचना अपने-अपने वार्ड के स्थानीय व बाहरी निवासियों को दें ताकिकार्य को निर्धारित समय में पूरा किया जा सके।

### टैक्सी चालक और पर्यटकों के बीच विवाद

नैनीताल। सरोवर नगरी नैनीताल के तल्लीताल क्षेत्र में पर्यटकों को घुमा रहे टैक्सी चालक और पर्यटकों के बीच विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर पर्यटकों ने चालक के साथ मारपीट कर दी। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार हरियाणा से आए कुछ पर्यटकों ने तल्लीताल से घूमने के लिए टैक्सी बुक की थी। भ्रमण के दौरान टैक्सी चालक हरीश सिंह रावत और पर्यटकों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई, जो देखते ही देखते हाथापाई में बदल गई। घटना के दौरान क्षेत्र में हंगामा हो गया। मालूम हो की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को शांत कराया। एएसआई सुनील कुमार ने बताया कि बाद में दोनों पक्षों के बीच आपसी समझौता हो गया। हालाँकि, रेवाड़ी (हरियाणा) निवासी मोनू सिंह के विरुद्ध पुलिस एक्ट के तहत चालानी कार्रवाई की।



# भाजपा नेता हेम आर्य ने ग्रामीण क्षेत्रों में चलाया जनसंपर्क अभियान

नैनीताल

हमारे संवाददाता

भाजपा के वरिष्ठ नेता हेम चंद्र आर्य ने सोमवार को नैनीताल विधान सभा के तहत बेतालघाट के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में जनसंपर्क अभियान चलाया।

इस दौरान हेम आर्य ने जंतवाल गांव,धारी खैरनी और थापली जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने लोगों को केंद्र सरकार और राज्य सरकार कि ग्रामीण क्षेत्रों में चलाई जा रही है विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी वही थापली में क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ किया। उन्होंने खिलाडि?ों का परिचय प्राप्त कर खेल का शुभारंभ किया। इस दौरान युवाओं ने हेम आर्य से क्षेत्र में क्रिकेट खेलने के लिए मैदान नहीं है उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द वह थापली क्षेत्र में खेल के मैदान के लिए मुखयमंत्री से वार्ता करेंगे। इस दौरान उन्होंने गांव के लोगों की समस्या भी सुनीए ग्रामीणों ने कहा कि क्षेत्र में जंगली जानवरों का आतंक बढ़ता जा रहा है और उनकी फसल जंगली जानवर बर्बाद कर रहे हैए हेम ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि वह जल्द ही इस संबंध में मुखयमंत्री पुष्कर सिंह धामी और संबंधित डीएफ ओ से वार्ताकर ग्रामीण लोगों को जंगली जानवरों से निजात दिलाएंगे। इस दौरान बहादुर सिंह जलाल, ठाकुर सिंह,जीवन सिंह, हिमांशु फुलारा तथा श्याम सिंह मेहरा व राजेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# भाजयुमो के प्रदेश संयोजक डा.मोहित रौतेला का हुआ स्वागत

नैनीताल

हमारे संवाददाता

भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा का प्रदेश संयोजक बनाए जाने पर सोमवार को नैनीताल में डॉ मोहित रौतेला का नैनीताल कलब वार्ड के युवाओं द्वारा स्वागत और अभिनंदन किया गया।

इस दौरान सभी युवाओं ने पार्टी के प्रति अपनी निष्ठा जाहिर की और संकल्प दोहराया कि विधान सभा चुनाव 2027 में भारतीय जनता पार्टी लगातार तीसरी बार प्रदेश में सरकार बनाएगी। कहा कि युवा मुखयमंत्री पुष्कर धामी के नेतृत्व में विकास की गंगा बह रही है और युवाओं को रोजगार के विषय में कहा कि प्रदेश में अभी लगभग 25 हजार0 युवाओं को सरकारी नौकरी मिली है लगातार काम हो रहे हैं।

मातृशक्ति का सममान हो रहा है, लगातार केंद्र और राज्य की सरकार में विकास योजनाओं को धरातल पर उतार रही है इन्हीं सब विकास कार्यों से पुन: सरकार की वापसी की जाएगी। इस दौरान कई भाजपाई मौजूद रहे।



**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
–संपादक

पूर्व प्रधान संपादक:
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# हल्द्वानी नगर निगम ने हाईकोर्ट में पेश की रिपोर्ट, सुनवाई अब 18 फरवरी को

नैनीताल

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड हाईकोर्ट ने हल्द्वानी शहर के बाजारों तथा गलियों व फुटपाथों में अवैध रूप संचालित फ ड़ तथा ठेलों को हटाए जाने को लेकर दायर जनहित याचिका पर सोमवार को सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद मुखय न्यायधीश जी नरेंद्र व न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खण्डपीठ ने अगली सुनवाई 18 फरवरी 2026 की तिथि नियत की है। पूर्व के आदेश पर सोमवार को नगर निगम के द्वारा अपनी रिपोर्ट कोर्ट में पेश की जिसमें कहा गया कि फ ड़ तथा ठेलों व टेपो के साथ ही रिकशा के लिए उनके द्वारा कई जगह चिन्हित की गई हैं जिस पर कोर्ट ने याचिकर्ता से कहा कि जो रिपोर्ट नगर निगम ने पेश की है अगर उसमें कोई और सुझाव देने हैं तो वह नगर निगम को दे सकते है।अगर निगम उस पर ध्यान नही देता है तो वे अपने सुझाव कोर्ट में दे सकते हैं। मामले के अनुसार हल्द्वानी निवासी समाजिक कार्यकर्ता हितेश पांडे ने जनहित याचिका दायर कर कहा है कि हल्द्वानी शहर के बाजारों समेत फुटपाथों तथा सार्वजनिक स्थानों व गलियों में बिना रजिस्ट्रेशन के फड़ ठेले लगाये जा रहे हैं जिसकी वजह से आम जनता के लिए चलने की जगह तक नहीं रह गयी है, यही नही बाजारों में ई रिकशा व टेपो भी घुस जा रहे हैं जिनकी वजह से कई बार दुर्घटनाएं भी हो रही हैं जिस दुकान के सामने थोड़ी जगह भी बची है तो उसने बिना लाइसेंस प्राप्त ठेलो से सौ पचास रोजना किराए पर उस जगह को किराए पर दे रखा है जिसका रिकार्ड नगर निगम के पास नहीं है, जिसकी वजह से शहर में अपराध भी बढ़ रहे हैं। जनहित याचिका में कोर्ट से प्रार्थना की गई है कि अवैध रूप से संचालित फ ड़ ठेलो को हटाया जाय,साथ ही रजिस्टर्ड फ ड़ व्यवसाइयो के लिए भूमि का चयन किया जाय साथ ही टेंपो व ई रिकशा का लिए भी पार्किंग की व्यवस्था कराई जाय।

# चोपड़ा गांव में ग्राम विहार परियोजना का शुभारंभ

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नैनीताल जिले के भीमताल विकास खंड के तहत ज्योलीकोट के समीपस्थ ग्राम चोपड़ा क्षेत्र में सोमवार को प्रदेश की प्रथम राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक से द्वारा संचालित ग्राम विहार परियोजना का शुभारंभ नाबार्ड के मुख्य महाप्रबंधक पंकज यादव द्वारा किया गया।

इस मौके पर ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देकर स्थानीय महिला स्वयं सहायता समूहों और होमस्टे मालिकों की आजीविका मजबूत करने पर जोर दिया गया। अपने संबोधन में महाप्रबंधक यादव ने योजना के उद्देश्य और उसके क्रियान्वयन से होने वाले सकारात्मक परिणामों और आर्थिक स्वालंबन व लाभ की जानकारी दी और कहा कि इससे ग्रामीण पर्यटन को नया मुकाम मिलेगा।

कार्यक्रम में नाबार्ड के डीडीएम मुकेश बेलवाल,नैनीताल डिस्ट्रिट कोऑपरेटिव बैंक के जीएम आर.एस. रैना, उत्तराखंड ग्रामीण बैंक नैनीताल



के आरएम कृष्णा कुमार, उत्तराखंड कोऑपरेटिव बैंक के स्टैट जीएम एस.एस. नपच्याल समेत ए,एलडीएम भूपेंद्र सिंह जीना,डायरेक्टर बीओबी समेत अतुल कुमार पांडे, हिमांशु पांडे,जीवन चंद्र, मनोज कुमार, राम दत्त, शेखर भट्ट, जीवन चंद्र तथा चोपड़ा के एसएचजी महिला समूहों और25 होमस्टे मालिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। महिला एवं निर्बल वर्ग उत्थान समिति के सचिव पवन कुमार द्वारा कार्यक्रम का कुशल संचालन किया गया।

बता दें ग्राम विहार योजना के तहत पर्यटक ग्रामीण होमस्टे में रहकर स्थानीय संस्कृति व भोजन और जीवनशैली का अनुभव प्राप्त करेंगे जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक सशक्तिकरण तथा पर्यटन को नई दिशा मिलेगी।

# अभिमत



## जन सहयोग अपेक्षित

*विशेषज्ञों के अनुसार परीक्षा के तनाव और अधिक नंबर लाने के लिए अभिभावकों के दबाव से किशोर उम्र के विद्यार्थी अवसादग्रस्त हो रहे हैं। मानसिक स्थिति बिगड़ने पर छात्र-छात्राएं आत्मघाती कदम उठाते हैं। यदि अवसादग्रस्त विद्यार्थियों को सही रास्ता दिखाकर आत्मविश्वास जाग्रत किया जाये तो मानसिक स्वास्थ्य में सुधार होगा। प्रशासन द्वारा काउंसलर की नियुक्ति का निर्णय लेने से समस्या के समाधान की उम्मीद की जानी चाहिए, साथ ही अभिभावकों और अन्य लोगों का सहयोग अपेक्षित है।*

शासन और प्रशासन द्वारा कानून व्यवस्था बनाये रखने के साथ ही अपराध और समस्याओं के समाधान का प्रयास किया जाता है। माध्यमिक कक्षाओं से लेकर उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे छात्र-छात्राओं द्वारा अचानक आत्मघाती कदम उठाये जाने का संज्ञान लेते हुए नैनीताल के जिलाधिकारी ने सभी स्कूल, कालेज और कोचिंग संस्थानों में छात्रों की संख्या सौ से अधिक होने पर काउंसलर की नियुक्ति अनिवार्य कर दी है। विशेषज्ञों के अनुसार परीक्षा के तनाव और अधिक नंबर लाने के लिए अभिभावकों के दबाव से किशोर उम्र के विद्यार्थी अवसादग्रस्त हो रहे हैं। मानसिक स्थिति बिगड़ने पर छात्र-छात्राएं आत्मघाती कदम उठाते हैं। यदि अवसादग्रस्त विद्यार्थियों को सही रास्ता दिखाकर आत्मविश्वास जाग्रत किया जाये तो मानसिक स्वास्थ्य में सुधार होगा। प्रशासन द्वारा काउंसलर की नियुक्ति का निर्णय लेने से समस्या के समाधान की उम्मीद की जानी चाहिए, साथ ही अभिभावकों और अन्य लोगों का सहयोग अपेक्षित है। दरअसल काउंसर हर विद्यार्थी पर निरंतर ध्यान नहीं रख सकते हैं। विद्यार्थी की गतिविधियों और उसकी आदतों से सबसे अधिक परिचित अभिभावक होते हैं। अनेक मामलों में अभिभावक ही अपनी संतान को अवसादग्रस्त करने के लिए जिम्मेदार होते हैं। कुछ अभिभावक हाईस्कूल के बाद बच्चे को अपनी मर्जी के विषय की पढ़ाई के लिए बाध्य करते हैं। डाक्टर और इंजीनियर बनाने के लिए विज्ञान विषय पढ़ने पर जोर देते हैं। इंटरमीडिएट के बाद जबरदस्ती कोचिंग कराकर मेडिकल और इंजीनियरिंग की प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण करने का दबाव बनाते हैं। अभिभावकों के दबाव के बारे में जानकारी आत्महत्या करने वाले छात्रों के सुसायड नोट से मिली है। छात्रों ने स्पष्ट लिखा है कि वह उम्मीदों पर खरे उतरने में नाकाम हैं, इसके लिए माता-पिता से माफ करने का अनुरोध किया। नशे के धंधेबाज सबसे पहले किशोर और युवाओं को निशाना बना रहे हैं। स्कूलों के निकट दुकानों पर नशीले पदार्थ उपलब्ध हैं। पुलिस और स्वास्थ्य विभाग द्वारा मारे गये छापों में स्मैक, चरस के अलावा नशीले इंजेक्शन भी पकड़े जाते हैं। उत्तराखंड में तराई से लेकर सुदूर पर्वतीय क्षेत्र तक नशीले पदार्थ के धंधेबाजों का जाल बिछा है। नशे की लत से भी किशोर और युवा अवसादग्रस्त हो रहे हैं। ऐसी स्थिति में अभिभावकों और आसपास के लोगों की जिम्मेदारी बढ़ जाती है। किशोर और युवाओं में होने वाले बदलाव पर नजर रखने की जरूरत है।

# जिले के ओखलकांडा में लगा बहुउद्देशीय शिविर

## 475 लोगों को मिला शिविर का सीधा लाभ

नैनीताल
हमारे संवाददाता

नैनीताल जिले के विकासखंड कार्यालय ओखलकांडा में सोमवार को बहुद्देशीय शिविर का आयोजन किया गया। दिनभर चले शिविर का 475 लोगों ने लाभ उठाया।

बता दें शिविर में जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल द्वारा क्षेत्र की समस्याओं को सुना तथा अधिकांश समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया। शिविर के माध्यम से क्षेत्रीय नागरिकों को राज्य एवं केंद्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी प्रदान की गई तथा पात्र लाभार्थियों को योजनाओं से जोड़े जाने के साथ ही उनकी समस्याओं की सुनवाई कर त्वरित समाधान भी किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों के द्वारा मौके पर विभागीय स्टाल लगाकर विभागीय योजनाओं व सेवाओं का लाभ प्रदान किया गया। मुखय रूप से शिविर में पेयजल समेत आदमखोर तेंदुए से निजात दिलाए जाने तथा जल जीवन मिशन, सड?, शिक्षा व स्वास्थ्य एवं कूड़े के निस्तारण से संबंधित समस्याओं को प्रमुखता से रखा। शिविर में जिलाधिकारी ने कहा कि मुखयमंत्री की मंशा के



अनुरूप सरकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचे इसी उद्देश्य से बहुद्देशीय शिविरों के माध्यम से प्रशासन आज उनके द्वार पहुँचा है।शिविर में क्षेत्र में विभिन्न पशु चिकित्सा केन्द्रों में पशु चिकित्सक व पशुधन प्रसार अधिकारी की तैनाती किए जानेए पशु चिकित्सा केन्द्रों के भवन की मरम्मत किए जाने के अतिरिक्त मृत पालतू पशुओं का बीमा का लाभ न मिलने की शिकायत जिलाधिकारी के समक्ष रखी।

शिविर में विभिन्न जनप्रतिनिधियों द्वारा क्षेत्र में संचालित ग्राम्य विकास विभाग सहित अन्य विभागों की योजनाओं की जानकारी न मिलने की शिकायत पर जिलाधिकारी ने जिला पंचायत राज अधिकारी एवं खण्ड विकास अधिकारी क्षेत्र के प्रत्येक ग्राम प्रधानों तथा क्षेत्र पंचायत सदस्यों का व्हाट्सएप समूह बनाकर सरकार की जनोपयोगी योजनाओं की जानकारी देने के निर्देश दिए।इस अवसर पर विधायक भीमताल राम सिंह कैड़ा, दायित्वधारी शांति मेहरा तथा बलॉक प्रमुख के डी रुबाली,सदस्य जिला पंचायत डिगर सिंह मेवाड़ी, ज्येष्ठ उप प्रमुख सुरेन्द्र नगदली, कनिष्ठ उप प्रमुख राजेन्द्र प्रसाद, भाजपा मंडल अध्यक्ष मनोज सुयाल, उप जिलाधिकारी अंशुल भट्ट समेत एपीडी चंद्रा फ र्त्याल, तहसीलदार मनीषा बिष्ट तथा खंड विकास अधिकारी देशराज सिंग सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि,क्षेत्रीय जनता तथा विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### निजी चेक से 4 लाख रुपये का भुगतान करने के आरोपी सरोप सिंह को अदालत ने किया दोषमुक्त करार

नैनीताल । अपर मुखय न्यायिक मजिस्ट्रेट रवि रंजन की न्यायालय से निजी चेक से 4 लाख रुपये का भुगतान करने के आरोपी कोटद्वार निवासी सरोप सिंह को दोषमुक्त करार दिया है। अभियोजन की ओर से न्यायालय को बताया गया कि सरोप सिंह निवासी बीईएल कॉलोनी समीप बलभद्रपुर आईएचएमएस कालेज कोटद्वार की ओर से निशोला भीमताल तहसील निवासी नंदन सिंह को निजी जरूरत बताते हुए रुपयों की मांग की। रुपये मिलने के बाद सरोप सिंह ने वादी को 11 जुलाई 2024 को चेक संख्या 000537 तथा 00538 से दो-दो लाख रुपये के दो चेक दिए लेकिन दिए गए आश्वासन के क्रम में उक्त तिथि को चेक प्रस्तुत करने पर इनका भुगतान नहीं हो सका। इसके बाद वादी ने अधिवक्ता के माध्यम से आरोपी को नोटिस दिए।

आरोपी ने न्यायालय को बताया कि उसकी चेक बुक कहीं खो गई थीए जिसकी शिकायत भी दर्ज है। मैं वादी को कतई नहीं जानता है।

# हल्द्वानी की सड़कों पर गड्ढों की वजह से गई एक बच्चे की जान

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

नगर में सड़कों का बद से बत्तर हाल है जगह जगह गड्ढे जानलेवा साबित हो रहे हैं। इन गड्ढों की वजह से किसी न किसी के घर का चिराग बुझ रहा है।

सोमवार देर शाम एक सड़क हादसे में 14 वर्षीय अर्जुन पुत्र गोरी लाल हाल निवासी पंचक्की खास मूल निवासी शायपुर तामड़ा भोजीपुरा जिला बरेली की जान चली गई, जिसने एक बार फिर सड़क सुरक्षा और प्रशासनिक लापरवाही पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। भोटिया पड़ाव चौकी क्षेत्र जगदंबा बैंकट हॉल के समीप उस समय हुआ। जब एक अपने भाई के साथ बाइक के पीछे बैठकर सिलेंडर लेकर जा रहा था। तभी एकदम पर ने बाइक में टक्कर मार दी जिससे मासूम डंपर के नीचे आ गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

स्थानीय लोगों ने सूचना पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे



मृतक की फाइल फोटो।

भोटिया पड़ाव चौकी प्रभारी अनिल कुमार ने मासूम के शव को कब्जे में लिया।

इसी बीच भीड़ का फायदा उठाकर डंपर चालक मौके से फरार हो गया पुलिस ने डंपर अपने कब्जे मे लिया और मासूम के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। एसपी सिटी मनोज कतयाल ने बताया कि जल्द ही डंपर चालक पुलिस की गिरफ्तार में होगा। तहरीरआने पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

### रुद्रपुर में मुस्लिम समाज के लोगों ने प्रदेश सरकार का पुतला दहन किया

रुद्रपुर। अंकिता भंडारी हत्याकांड में शामिल वीआईपी का नाम खुलासा कर गिरफ्तारी की मांग को लेकर रुद्रपुर में मुस्लिम समाज के लोगों ने पुतला दहन किया। इस दौरान सरकार पर वीआईपी को बचाने का आरोप लगाया है। मंगलवार को पार्षद परवेज कुरैशी के नेतृत्व में दर्जनों समाज के लोग भूतबंगला गेट पर एकत्रित हुए और उन्होंने अंकिता भंडारी हत्याकांड में शामिल वीआईपी के नाम का खुलासा करते हुए गिरफ्तार करने की मांग के साथ ही पुतला दहन किया। पार्षद ने मामले की सीबीआई जांच कराने की भी मांग की। उन्होंने कहा कि अंकिता भंडारी हत्याकांड को लेकर लोगों की नाराजगी खत्म होते दिखाई नहीं दे रही। सरकार अंकिता भंडारी हत्याकांड के वीआईपी का नाम उजागर करने में पीछे क्यों हट रही है। उन्होंने कहा कि अगर इस मामले की सीबीआई जाँच हो तो सफेदपोश बेनकाब हो जायेंगे।पुतला दहन करने वालों में नदीम, अरबाज खान, तनवीर खान, मुन्ना,अकरम,रजा कुरैशी, आसिस, आमिद,जीशान पाशा आदि मौजूद रहे।

# फिल्मी दुनिया

## कभी निक्कर-बनियान में किया स्टेज शो, आज हैं देश के बड़े परफॉर्मर





*मशहूर सिंगर-एक्टर और परफॉर्मर दिलजीत दोसांझ आज अपना 42वां जन्मदिन मना रहे हैं। इस मौके पर दिलजीत दोसांझ से जुड़े कुछ ऐसे किस्सों के बारे में जानिए, जिन्हें आज तक आपने नहीं सुना या पढ़ा होगा। एक गांव में मशहूर गायक मास्टर सलीम का कार्यक्रम होना है। मंच सजा है और पब्लिक मास्टर सलीम का इंतजार कर रही है। लेकिन तभी स्टेज पर एक लड़का पहुंचता है। जो सिर्फ निक्कर और बनियान पहने हुए है। वो गाना गाना शुरू करता है, लेकिन दो लाइन गाने के बाद वो आगे की लाइनें ही भूल जाता है। इसके बाद वो घबरा जाता है, लेकिन सामने बैठी ऑडियंस उसके लिए जोरदार तालियां बजाती है और उसका उत्साहवर्धन करती है। अब आप सोच रहे होंगे कि ये बच्चा कौन है? तो आपको बता दें कि निक्कर-बनियान में स्टेज पर परफॉर्म करने पहुंचा ये बच्चा कोई और नहीं बल्कि मौजूदा वक्त में सबसे बड़े पंजाबी सिंगर दिलजीत दोसांझ थे। जी हां, सही पढ़ा आपने। आज स्टेज पर अपनी ड्रेस, लुक्स और ब्रान्डेड कपड़ों के लिए मशहूर दिलजीत दोसांझ ने अपना पहला स्टेज परफॉर्मेंस सिर्फ निक्कर-बनियान में दिया था।*

*6 जनवरी 1984 को जालंधर के फिल्लौर तहसील के दोसांझ कलां गांव में जन्मे दिलजीत दोसांझ आज अपना 42वां जन्मदिन मना रहे हैं। पंजाबी सिंगर के तौर पर अपनी शुरुआत करने वाले दिलजीत दोसांझ आज न सिर्फ देश के टॉप-सिंगर और परफॉर्मर हैं, बल्कि शानदार अभिनेता भी हैं। उन्होंने पंजाबी फिल्मों से लेकर बॉलीवुड फिल्मों तक में शानदार अभिनय किया है। देश-विदेशों में होने वाले उनके स्टेज शोज में हजारों की संख्या में ऑडियंस पहुंचती है। यही नहीं दिलजीत यूएसए के 'कोचेला म्यूजिक एंड आर्ट्स फेस्टिवल' में परफॉर्म करने वाले पहले भारतीय हैं। यहां उन्होंने पारंपरिक पंजाबी परिधान में परफॉर्म किया था और अपने पंजाबी गानों से समा बांध दिया था। अपने गानों, एक्टिंग और परफॉर्मेंस को लेकर चर्चाओं में रहने वाले दिलजीत अपनी व्यक्तिगत जिंदगी को काफी प्राइवेट रखते हैं।*

### जिंदगी को रखते हैं काफी प्राइवेट

*दिलजीत दोसांझ वैसे तो काफी पॉपुलर हैं और सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहते हैं। लेकिन दिलजीत की पर्सनल लाइफ के बारे में किसी को कोई ज्यादा जानकारी नहीं है। वो इसके बारे में किसी भी इंटरव्यू में भी ज्यादा बात नहीं करते हैं। उनके पिता बलबीर सिंह पंजाब रोडवेज में काम करते थे। जबकि मां हाउस वाइफ थीं। दिलजीत की शादी और बच्चों को लेकर कोई पुख्ता जानकारी नहीं है। कुछ रिपोर्ट्स के मुताबिक, दिलजीत की पत्नी और बेटा यूएसए में रहते हैं। कई मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक उनकी शादी काफी कम उम्र में इंडियन-अमेरिकन महिला संदीप कौर के साथ हो गई थी।*

# छात्रवृत्ति मामले में केंद्र व राज्य सरकार को 10 दिनों की मोहलत

नैनीताल
हमारे संवाददाता

उत्तराखंड हाईकोर्ट ने प्रदेश के कई निजी कालेजों के द्वारा फर्जी छात्र दिखाकर करोड़ो रूपये की एसटी एससी छात्रों की छात्रवृत्ति का गबन करने के मामले में उसकी जांच महालेखाकार से कराए जाने को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की।

मामले की सुनवाई करते हुए मुखय न्यायधीश जी नरेन्द्र व न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ ने याचिकाकर्ता से कहा है कि जो समाज कल्याण विभाग की तरफ से शपथ पत्र पेश किया गया है उस पर वे अपनी प्रतिक्रिया करके कोर्ट में शपथ पत्र के माध्यम से पेश करें। बता दें पूर्व में कोर्ट ने सुनवाई करते हुए कहा था कि भारत सरकार के महालेखाकार व राज्य सरकार 10 दिनों के भीतर अपना जवाब प्रस्तुत करने के साथ ही स्थिति से अवगत कराएं जिस पर सोमवार को राज्य सरकार के समाज कल्याण विभाग ने शपथपत्र पेश कर स्थिति से अवगत किया जिसमें कहा गया कि मामले की जांच चल रही है जो अभी तक जाँच हुई है उसकी रिपोर्ट कोर्ट में प्रस्तुत की जा चुकी है जिस पर कोर्ट ने याचिकर्ता से कहा कि वे इस पर अपनी प्रतिक्रिया कोर्ट में दे सकते हैं। मामले के अनुसार इंटर नेशनल पबलिक वेलफेयर सोसायटी ने उच्च न्यायलय में जनहित याचिका दायर कर कहा है कि केंद्र सरकार के द्वारा निजी कालेजों में पढने वाले एसटी व एसी छात्रों की शिक्षा के लिए छात्रवृति समाज कल्याण विभाग के माध्यम से दी जाती है लेकिन यह छात्रवृति छात्रों को कालेजों के द्वारा नहीं दी गयी। जब इसकी शिकायत की गई तो पता चला कि कई कालेजों ने अपने वहां फर्जी छात्र दिखाकर उनके नाम से छात्रवृत्ति ले ली गई। याचिका में कहा गया कि इस गबन में अब तक 156 मुकदमे दर्ज हो चुके हैं लेकिन उनकी सुनवाई अभी तक नहीं हुई। सुनवाई पर जब कोर्ट ने केंद्र सरकार के अधिवक्ता से पूछा कि अभी तक महालेखाकार के द्वारा इसका ऑडिट किया तो उनके द्वारा कोर्ट को अवगत कराया कि अभी तक इसका ऑडिट नहीं कराया गया जिस पर कोर्ट ने केंद्र व राज्य सरकार से कहा कि इसमें दस दिन में शपथ पत्र पेशकर स्थिति से अवगत कराएं।

## News कॉर्नर

### हाईकोर्ट ने कहा:कमेटी की जांच रिपोर्ट 18 फरवरी से पहले करें कोर्ट में पेश

नैनीताल । उत्तराखंड हाईकोर्ट ने कुमाऊं मंडल के ऊधम सिंह नगर जिले में वर्ष 2021 में हुए 99 कुंतल के अधिक का अनाज बिना वितरण व रख रखाव के चलते सड़ने पर डीएम के आदेश पर दोषियों से रिकवरी के आदेश को कमिश्नर द्वारा मॉफ किए जाने को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। मामले की सुनवाई के दौरान सोमवार को राज्य सरकार की तरफ से इसमे अपनी रिपोर्ट दायर कर कहा कि कोर्ट के आदेश पर राज्य सरकार ने मामले की जांच करने हेतु एक तीन सदस्यीय कमेटी गठित कर दी गयी है। इस पर कोर्ट ने राज्य सरकार से कहा है कि गठित कमेटी की जांच रिपोर्ट 18 फ रवरी से पहले कोर्ट में पेश करें।

### यूएसनगर जिले में अवैध खनन का मामला: हाईकोर्ट में सुनवाई 9 को

नैनीताल । उत्तराखंड हाईकोर्ट में ऊधम सिंह नगर जिले के सिरोलीकलां सहित करीब पांच अन्य ग्रामों में अवैध खनन करने को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। मामले की सुनवाई के बाद मुखय न्यायथीश जी नरेंद्र व न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ ने मामले मे अगली सुनवाई हेतु 9 जनवरी (शुक्रवार) की तिथि नियत की है। मामले की सुनवाई के बाद कोर्ट ने याचिकाकर्ता से कहा है कि जिला खनन अधिकारी ने जो रिपोर्ट कोर्ट में पेश की उस पर आपको कुछ कहना है तो अपना शपथपत्र कोर्ट में पेश करें जबकि याचिकाकर्ता का कहना है कि खनन अधिकारी ने जो रिपोर्ट कोर्ट में पेश की वह रिपोर्ट खनन मानको के अनुरूप नहीं है। अगर यह रेवन्यू भूमि है तो भी उपसर खनन करने की अनुमति ली जानी चाहिए। जिसपर कोर्ट ने याचिकाकर्ता से अपनी आपत्ति पेश करने को कहा है।

# ब्लॉक प्रमुख डा. बिष्ट ने विस भीमताल में चैंपियन ट्रॉफी का शुभारंभ

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

नैनीताल जिल के भीमताल मिनी स्टेडियम में विधानसभा भीमताल की चैंपियन ट्रॉफ ी का बलॉक प्रमुख भीमताल डॉ. हरीश सिंह बिष्ट ने सोमवार को दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया।

बता दें कि भीमताल विधानसभा अंतर्गत अंडर 14 और अंडर 19 बालक एवं बालिका वर्ग में एथलेटिस, कबड्डी, खो-खो तथा वॉलीबॉल खेलों का आयोजन किया जा रहा है। भीमताल विधानसभा के बलॉक भीमताल, धारी, ओखलाकांडा तथा रामगढ़ बलॉक के प्रतिभागी प्रतिभाग कर रहे हैं। बलॉक प्रमुख ने अपने संबोधन में कहा कि प्रतियोगिताओं का उद्देश्य स्थानीय स्तर पर खेल प्रतिभाओं को निखारना तथा शारीरिक,मानसिक विकास करना और युवाओं में अनुशासन व टीम भावना का संचार करना है साथ ही खेलो के क्षेत्र में विशेष अभियान चलाने की जरूरत है ताकि अधिक युवाओं का शारीरिक विकास हो। उन्होंने युवाओं से नशे को दूर रहने और खेलो के क्षेत्र में भविष्य उज्ज्वल करने की अपील की। कहा कि मेरा एवं सरकार का स्थानीय स्तर पर ग्रामीण प्रतिभाओं को अवसर प्रदान करना है जिससे वह आगे बढ़ सके। खेल सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए मुखयमंत्री पुष्कर सिंह धामी एवं खेल मंत्री रेखा आर्य सरकार निरन्तर कार्य रही हैं। इस दौरान प्रमुख डा.बिष्ट ने खेल प्रतियोगिता में 100 मीटर,200 मीटर,800 तथा 1500 मीटर के सभी विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। संचालन डॉ. प्रदीप उपाध्याय ने किया। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी हर्षित गर्ग, युवा कल्याण अधिकारी दीपक मेहता, इमरान खान, हर्षदीप सिंह, अजय कुमार, विकास चौहान, मनोज पांडे, मोनिका नयाल, धीरेन्द्र जीना तथा कमल कुल्याल सहित अन्य शिक्षक प्रतिभागी युवा उपस्थित रहे।





# ईनामी अपराधी आफताब गिरफ्तार, कोर्ट ने जेल भेजा

**रुद्रपुर**

हमारे संवाददाता

पुलिस मुख्यालय से वांछित एवं ईनामी अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत जनपद पुलिस ने 5 हजार रूपए ईनामी वांछित को दिल्ली से गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने उसे कार्रवाई के बाद कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने उसे जेल भेज दिया। एसपी क्राईम निहारिका तोमर ने बताया कि पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर जनपद में ईनामी बदमाशों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि सीओ सिटी प्रशांत कुमार के पर्यवेक्षण में कोतवाली रुद्रपुर प्रभारी निरीक्षक मनोज रतूड़ी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने प्रभावी कार्रवाई की। उन्होंने बताया कि कोतवाली रुद्रपुर में पंजीकृत एफआईआर संख्या 47/2024, धारा 392 आईपीसी (लूट) में वांछित चल रहे 5,000 के ईनामी अभियुक्त आफताब पुत्र अफजल, निवासी लाइन नंबर-3, बनभूलपुरा, थाना बनभूलपुरा, जनपद नैनीताल को तकनीकी साक्ष्यों एवं सर्विलांस की सहायता से दिल्ली के कबीर नगर क्षेत्र से गिरफ्तार किया।गिरफ्तार अभियुक्त लंबे समय से फरार चल रहा था। पुलिस लगातार उसकी तलाश कर रही थी। उन्होंने बताया कि पुलिस ने ईनामी को कार्रवाई के बाद कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने उसे जेल भेज दिया। उन्होंने बताया कि पुलिस का फरार, ईनामी एवं वांछित अपराधियों के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा। टीम में बाजार पुलिस चौकी प्रभारी जितेंद्र कुमार खत्री समेत अन्य पुलिस कर्मी शामिल रहे।



# 27 जनवरी को देशव्यापी हड़ताल पर रहेंगे बैंक कर्मी, तैयारी शुरु

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता



उत्तराखंड बैंक इंपलाईज यूनियन के चैयरमैन कामरेड प्रवीण साह ने बताया कि यूनाईटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस के आह्वान पर बैंकों में हफ्ते के काम काज की अवधि पांच दिन की किए जाने की एक सूत्रीय मांग को लेकर बैंक कर्मियों की ओर से 27 जनवरी (मंगलवार) को देशव्यापी हड़ताल की जाएगी।

साह के मुताबिक बैंक कर्मी इस जायज मांग को लेकर लंबे समय से आंदोलित है। मांग को लेकर बीते 10 दिसंबर 2025 (बुधवार) को दिल्ली के जंतर-मंतर में भी धरना प्रदर्शन कर सरकार से आग्रह किया गया था बावजूद इसके अभी तक कोई भी कार्रवाई न होना बेहद चिंतनीय है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के कार्यालयों में कामकाज की अवधि हफ्ते में पांच दिन की है वहीं दूसरी ओर एलआईसी व आरबीआई में भी पांच दिन का वीक होता है। उन्होंने कहा कि बैंक कर्मी पांच दिन का सप्ताह किए जाने की मांग पूरी होने के एवज में हर रोज अपने काम की अवधि चालीस मिनट और बढ़ाने को भी तैयार हैं।

साह ने कहा कि अब बैंक कर्मियों ने इस मांग को पूरा करने के लिए आर पार की लड़ाई लड़ने का मन बना लिया है,वर्तमान में 27 जनवरी 2026 के एक दिन देशव्यापी हड़ताल को कामयाब बनाने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। देश भर की बैंक यूनियनों की ओर से अपने-अपने स्तर से तैयारियां शुरु कर दी हैं। उन्होने कहा कि केंद्र सरकार को चाहिए कि वह बैंक कर्मियों की हड़ताल को मद्देनजर रखते हुए हड़ताल से पूर्व ही उनकी जायज मांग को पूरा करे। बैंक कर्मी भले ही अपनी एक सूत्रीय मांग को लेकर 27 जनवरी को देशव्यापी हड़ताल कर रहे हैं लेकिन 27 जनवरी के साथ ही बैंक इससे पूर्व भी तीन दिन यानी 24 जनवरी को चतुर्थ शनिवार, 25 को रविवार तथा 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के चलते बंद रहेंगे।

# उत्तराखंड हाईकोर्ट ने राज्य की न्यायिक व्यवस्था में किए महत्वपूर्ण बदलाव


**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड हाईकोर्ट ने राज्य की न्यायिक व्यवस्था में महत्वपूर्ण बदलाव करते हुए कई वरिष्ठ न्यायिक अधिकारियों के स्थानांतरण और नई नियुक्तियों की अधिसूचना जारी की है।

बता दें मुखय न्यायाधीश के आदेश से जारी इस अधिसूचना के अनुसार शासन में तैनात प्रमुख सचिव (विधि) प्रशांत जोशी को नैनीताल का नया जिला एवं सत्र न्यायाधीश नियुक्त किया गया है। वह हरीश कुमार गोयल का स्थान लेंगे जिनके नाम की सिफ ारिश राज्य सरकार को पौड़ी गढ़वाल के परिवार न्यायालय में प्रमुख न्यायाधीश के रूप में तैनाती के लिए भेजी गई है।

इसी क्रम में राज्य परिवहन अपीलीय न्यायाधिकरण देहरादून के अध्यक्ष नितिन शर्मा को भी उनके मूल विभाग में वापस बुला लिया गया है। उन्हें टिहरी गढ़वाल का नया जिला एवं सत्र न्यायाधीश नियुक्त किया गया है। श्री शर्मा यहाँ अमित कुमार सिरोही का स्थान लेंगे। टिहरी के वर्तमान जिला जज अमित कुमार सिरोही को अब राज्य सरकार में प्रमुख सचिव (विधि),सह एलआर के महत्वपूर्ण पद पर नियुक्त करने की सिफारिश की गई है।



प्रशासनिक कार्यों को सुचारू बनाने के लिए हाईकोर्ट ने अतिरिक्त प्रभार और नई नियुक्तियों के सुझाव भी दिए हैं। वाणिज्यिक कर न्यायाधिकरण के अध्यक्ष मलिक मजहर सुल्तान को उनके वर्तमान कार्यों के साथ-साथ राज्य परिवहन अपीलीय न्यायाधिकरण देहरादून के अध्यक्ष पद का अतिरिक्त प्रभार सौंपने की अनुशंसा की गई है। इसके अतिरिक्त पौड़ी गढ़वाल के परिवार न्यायालय के प्रमुख न्यायाधीश राहुल गर्ग को हरिद्वार के श्रम न्यायालय में पीठासीन अधिकारी के रिक्त पद पर तैनात करने का निर्णय लिया गया है।

हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल योगेश कुमार गुप्ता द्वारा हस्ताक्षरित यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू माने जाएंगे। हालांकि इन स्थानांतरणों का पूर्ण क्रियान्वयन राज्य सरकार द्वारा प्रासंगिक प्रतिनियुक्ति और पोस्टिंग अधिसूचनाएं जारी होने के बाद ही प्रभावी होगा।

### लोगों ने झाड़ियों में अश्लील हरकतें कर रहे प्रेमी युगल को पकड़ा

रुद्रपुर। सिडकुल पुलिस चौकी क्षेत्र में एक मैदान में के पास झाड़ियों में अश्लील हरकतें करता देख लोगों की भीड़ लग गई। लोगों ने दोनों खरी खोटी सुनाते हुए हंगामा किया। इसी बीच पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने दोनों को हिरासत में ले गई। पुलिस के मुताबिक अटरिया मंदिर के पास ही मैदान है। जहां बच्चे खेलते रहते है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक एक युवक और युवती वहां पहुंचे।

# जिला खनन अधिकारी से आज हाईकोर्ट में व्यक्तिगत रूप से पेश होने को कहा

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

उत्तराखण्ड हाईकोर्ट ने नैनीताल जिले के रामगढ़ विकास खंड के सतोली गांव में बिल्डर को फ ायदा पहुंचाने के लिये ग्राम सभा के बोरिंग किये पानी को बिल्डर तक पहुंचाने के खिलाफ ग्रामीणों की ओर से दायर जनहित याचिका की सुनवाई की। मामले को गंभीरता से लेते हुए मुखय न्यायधीश जी नरेंद्र व न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ ने जिला खनन अधिकारी से मंगलवार (आज) हाईकोर्ट में व्यक्तिगत रूप से पेश होने को कहा है। बता दें कि पिछली तिथि को कोर्ट ने जिला खनन अधिकारी से यह बताने को कहा था कि यह पानी किस- किस को पहुंचाया जा रहा है इस पर अपनी रिपोर्ट पेश करें लेकिन रिपोर्ट पेश न करने पर कोर्ट ने जिला खनन अधिकारी से मंगलवार (आज) कोर्ट में पेश होने को कहा है। सतोली के ग्रामीणों के अनुसार भवाली निवासी विपिन पंत ने सतोली में अपने आवासीय क्षेत्र के लिये पानी पहुंचाने के लिए प्रशासन से अनुमति मांगी जबकि उक्त व्यक्ति का गांव में मकान नहीं है और बोरिंग का पानी ऊपर एक बिल्डर के कॉटिज में पहुंचाया जा रहा जबकि पूरे क्षेत्र में पहले से ही स्वजल की लाइन मौजूद है । ग्रामीणों के अलावा विपिन पन्त को वर्ष 2011 में बोरिंग की अनुमति दी गई थी तब उसने बोरिंग नहीं की । इधर उसने 100 साल पहले मिली अनुमति के आधार पर पुनः एनओसी मांगी जिस पर नैनीताल तहसील ने पुरानी अनुमति को देखते हुए नए सिरे से अनुमति देने की आवश्यकता नहीं समझी और पुरानी अनुमति के आधार पर ही बोरिंग करने को कह दिया जबकि इस मामले में केंद्रीय भूजल प्राधिकरण की अनुमति लेनी जरूरी थी।

# भीम आर्मी और मूलनिवासी संघ ने अंकिता भण्डारी हत्याकांड में सीबीआई जाँच को लेकर पुतला फूंका

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

भीम आर्मी और मूलनिवासी संघ ने संयुक्त रूप से अंकिता भण्डारी हत्याकांड में सीबीआई जाँच में हो रही देरी के विरोध में उत्तराखंड सरकार का पुतला फूंका।

पुतला फूँकने से पहले सभा में वक्ताओं ने कहा कि भाजपा कांग्रेस का पुतला फूंक कर लोगों को बरगला रही हैं, अंकिता हत्याकांड हत्याकांड की सीबीआई जाँच की मांग विपक्ष की नहीं उत्तराखण्ड की आम जनता इंसाफ मांग हैं, अंकिता भंडारी हत्याकांड एक बहुत ही दुखद और विवादित मामला है, जिसमें 19 वर्षीय अंकिता भंडारी की हत्या कर दी गई थी। वह उत्तराखंड के पौड़ी जिले के यमकेश्वर में स्थित वनंत्रा रिजॉर्ट में रिसेप्शनिस्ट के तौर पर काम कर रही थीं, अंकिता की हत्या 18 सितंबर 2022 को हुई थी, और उसके शव को 24 सितंबर को ऋषिकेश के पास चीला नहर से बरामद किया गया था।

पुलिस ने इस मामले में तीन आरोपियों पुलकित आर्य, सौरभ भास्कर और अंकित गुप्ता को गिरफ्तार किया था। आरोपियों पर हत्या, साक्ष्य छुपाने और अनैतिक देह व्यापार अधिनियम के तहत आरोप लगाए गए थे। पुलिस की जांच में सामने आया कि आरोपियों ने अंकिता पर वीआईपी मेहमान को एंटरटेन करने का दबाव बनाया था, जिसे उसने ठुकरा दिया था, इस मामले में एक वीआईपी का नाम सामने आया था, जिसे लेकर सियासी घमासान मचा हुआ है, नफीस अहमद खान ने कहा कि वैसे तो सीबीआई जाँच की कोई जरूरत नहीं हैं, सरकार को पता हैं कि वह वी आई पी कौन हैं, हमें शक है कि वह वी आई पी ?रूर भाजपा का कोई ब ?ा नेता हैं जिसे बचाया जा रहा हैं, यदि सरकार उस वी आई पीको बचाने का प्रयास करती है तो उत्तराखंड की जनता स ?कों पर उतर कर सरकार की चूल से चूल हिलाना जानती हैं, अंकिता भंडारी के अलावा मनीषा बाल्मीकि, एंजेल चकमा के हत्यारो को भी फांसी की सजा मिलनी चाहिए, पुतला फूँकने वालों में भीम आर्मी जिलाध्यक्ष नफीस अहमद खान, मूलनिवासी संघ के प्रदेश अध्यक्ष दीपक चनियाल, आजाद समाज पार्टी के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष सिराज अहमद, आर आर्य, आर पी गंगोला, सुंदरलाल बौद्ध, महेश चंद्र आर्य, फिरोजखान, जीतराम, रितिक कांत, हरीश लोधी, सुलेमान मालिक, विकास कुमार आदि रहे।

